CMYK

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 321 | बिजौलिया - मंगलवार, 02 जून ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM


## ‘भगवान करे भजनलाल पूरे 5 साल मुख्यमंत्री रहें’, गहलोत का तंज; बोले- जनता के गुस्से का इंतजार कर रही सरकार

**भीलवाड़ा फोकस @ अजमेर।**

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोमवार को अजमेर में भजनलाल सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को व्यक्तिगत रूप से ‘भला आदमी’ बताते हुए कहा कि उनकी सरकार जनता की उम्मीदों पर खरी नहीं उतर रही है। गहलोत ने तंज भरे अंदाज में कहा कि वह दुआ करते हैं कि भजनलाल शर्मा पूरे पांच साल मुख्यमंत्री बने रहें, लेकिन यदि सरकार की कार्यशैली नहीं बदली तो इसका सबसे बड़ा नुकसान प्रदेश की जनता को उठाना पड़ेगा।

राहुल गांधी के कार्यक्रम के सिलसिले में अजमेर पहुंचे गहलोत ने सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत के दौरान राज्य सरकार की कार्यप्रणाली, कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार, पेयजल संकट, पंचायत-निकाय चुनाव और केंद्र सरकार की नीतियों पर खुलकर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि राजस्थान में हालात बेहद गंभीर हो चुके हैं और सरकार नाम की कोई व्यवस्था दिखाई नहीं दे रही। प्रदेश में लगातार अपराध बढ़ रहे हैं, महिलाओं के खिलाफ घटनाएं सामने आ रही हैं, सरकारी अस्पतालों में दवाइयों की उपलब्धता प्रभावित हुई है और आम लोगों की समस्याओं की सुनवाई नहीं हो रही। गहलोत ने कहा कि जनता को डबल इंजन सरकार से बेहतर प्रशासन और तेज विकास की उम्मीद थी, लेकिन हालात इसके बिल्कुल विपरीत हैं।



पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि वह लगातार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को चेतावनी और सलाह दे रहे हैं क्योंकि अगले पांच साल तक यही सरकार प्रदेश चलाने वाली है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार समय रहते नहीं चेती तो इसका सीधा असर आम जनता के जीवन पर पड़ेगा। मुख्यमंत्री को गांवों में अधिकारियों को भेजकर वास्तविक स्थिति का फीडबैक लेना चाहिए और उसी आधार पर निर्णय लेने चाहिए।

भ्रष्टाचार के मुद्दे पर गहलोत ने कहा कि वह यह दावा नहीं करते कि उनकी सरकार के समय भ्रष्टाचार पूरी तरह खत्म था, लेकिन वर्तमान सरकार में भ्रष्टाचार की सारी सीमाएं टूट चुकी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विकास कार्यों के भुगतान रुके हुए हैं, ठेकेदारों को समय पर पैसा नहीं मिल रहा और कई विभागों के पास आवश्यक कार्यों के लिए बजट तक नहीं है।उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में सड़कों की हालत खराब है। गांवों से लेकर शहरों तक सड़कें गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं, जिससे हादसे बढ़ रहे हैं। छोटे ठेकेदार आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं और भुगतान नहीं मिलने से परेशान हैं। पेयजल संकट का मुद्दा उठाते हुए गहलोत ने कहा कि प्रदेश के कई हिस्सों में लोग पानी के लिए संघर्ष कर रहे हैं। हालात ऐसे हैं कि लोगों को मजबूरी में निजी टैंकर खरीदने पड़ रहे हैं। सरकार को इस समस्या पर लगातार निगरानी रखनी चाहिए और ठोस कार्ययोजना बनानी चाहिए, लेकिन ऐसा दिखाई नहीं दे रहा। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों और विधवाओं को समय पर पेंशन नहीं मिल रही है। कई कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच पा रहा। जनता परेशान है, लेकिन सरकार को इसकी कोई चिंता नहीं दिखाई देती।

निकाय और पंचायत चुनावों को लेकर गहलोत ने सरकार पर संविधान की भावना के खिलाफ काम करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ओबीसी आयोग की रिपोर्ट का बहाना बनाकर चुनाव टाले जा रहे हैं। सरकार जानबूझकर चुनाव प्रक्रिया में देरी कर रही है क्योंकि उसे जनता के गुस्से का अंदाजा है। उन्होंने आशंका जताई कि हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बावजूद सरकार समय पर चुनाव नहीं करा पाएगी।

अन्नपूर्णा योजना का जिक्र करते हुए गहलोत ने कहा कि उनकी सरकार की इस जनहितकारी योजना को बंद कर दिया गया। उन्होंने कहा कि यदि सरकार चाहती तो योजना से उनकी तस्वीर हटाकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की तस्वीर लगा सकती थी, लेकिन गरीबों को मिलने वाला लाभ बंद नहीं होना चाहिए था।

रात्रि चौपाल कार्यक्रमों पर सवाल उठाते हुए गहलोत ने कहा कि इन कार्यक्रमों में चुनिंदा लोगों को बुलाया जाता है। वास्तविक चौपाल वह होती है जहां आम जनता को खुलकर अपनी बात रखने का अवसर मिले और अधिकारियों को मौके पर समाधान के निर्देश दिए जाएं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जमीनी समस्याओं के समाधान की बजाय प्रचार पर ज्यादा ध्यान दे रही है।

युवाओं को संबोधित करते हुए गहलोत ने कहा कि आज के दौर में ज्ञान सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने युवाओं से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का अधिक से अधिक उपयोग करने और राजनीति व लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। उन्होंने छात्रसंघ और यूनियन चुनाव नहीं कराने के मुद्दे पर भी सरकार की आलोचना की।

## 15 माह पुरानी चामुंडा माता मंदिर चोरी का खुलासा, 6 आरोपी गिरफ्तार

### भेष बदलकर पुलिस ने पकड़ा गिरोह, 260 ग्राम सोना और 3 किलो चांदी बरामद

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

पुलिस ने 15 माह पूर्व हमीरगढ़ स्थित चामुंडा माता मंदिर में हुई बहुचर्चित चोरी का खुलासा करते हुए मुख्य सरगना सहित कुल छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी किए गए जेवरातों में से करीब 260 ग्राम सोना और 3 किलोग्राम चांदी भी बरामद की है। चोरी का माल खरीदने वाले एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया है।

थाना प्रभारी सुनील कुमार बेड़ा ने बताया की टीम ने करीब 20 दिनों तक लगातार मेहनत कर मामले का पर्दाफाश किया।

**मंदिर से लाखों के जेवर और दानपात्र चोरी हुआ था**

बेड़ा ने बताया की 11 फरवरी 2025 को चामुंडा माता मंदिर के पुजारी पुरण माली ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि 10-11 फरवरी की रात अज्ञात बदमाश मंदिर परिसर में घुसे और मुख्य गेट का ताला तोड़कर माता की प्रतिमा पर चढ़े करीब 550 ग्राम सोने तथा 5 किलो 150 ग्राम चांदी के जेवरात सहित दानपात्र चोरी कर ले गए।

**जंगल के बीच मंदिर, नहीं मिले सीसीटीवी सुराग**

घटनास्थल के पीछे जंगल होने तथा आसपास सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे होने से जांच चुनौतीपूर्ण बन गई। वहीं आरोपी वारदात के दौरान मोबाइल फोन का इस्तेमाल भी नहीं कर रहे थे, जिससे तकनीकी साक्ष्य जुटाना मुश्किल हो गया।

इसके बावजूद पुलिस ने पारंपरिक पुलिसिंग और मुखबिर तंत्र के जरिए संदिग्धों पर नजर बनाए रखी। जांच के दौरान ज्ञानदास और घनश्याम को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिन्होंने वारदात में शामिल होने की बात स्वीकार कर ली। इसके बाद गिरोह के अन्य सदस्यों तक पहुंच बनाई गई।

**कभी आइसक्रीम वाला, कभी भैंस खरीदार बनकर पहुंची पुलिस**

आरोपियों की गिरफ्तारी पुलिस के लिए किसी फिल्मी ऑपरेशन से कम नहीं रही। पुलिस टीम के हैड कांस्टेबल विशंभर दयाल ने अपनी टीम के साथ कई दिनों तक अलग-अलग भेष धारण कर आरोपियों की गतिविधियों पर नजर रखी। कभी लाइनमैन, कभी आइसक्रीम विक्रेता, कभी टेम्पो चालक तो कभी भैंस खरीदार बनकर पुलिस ने आरोपियों की रेकी की और आखिरकार उन्हें दबोच लिया।

**ये आरोपी हुए गिरफ्तार**

पुलिस ने इस मामले में ज्ञानदास, घनश्याम, राजमल उर्फ राजू कामड़, गिरोह के सरगना देवीलाल रावत उर्फ बद्री, रामलाल सालवी तथा चोरी का माल खरीदने वाले सागर सोनी को गिरफ्तार किया है।

**विशंभर दयाल की भूमिका रही अहम**

पूरे मामले के खुलासे में हमीरगढ़ थाने के हैड कांस्टेबल विशंभर दयाल की विशेष भूमिका रही। उनकी सूझबूझ, मुखबिर तंत्र और भेष बदलकर की गई निगरानी के कारण पुलिस को इस बहुचर्चित चोरी का खुलासा करने में सफलता मिली।

पुलिस मामले में आरोपियों से पूछताछ कर अन्य वारदातों में उनकी संलिप्तता की भी जांच कर रही है।

## कमलेश गुर्जर प्रकरण की सीआईडी-सीबी जांच की मांग, ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

### पुलिस पर झूठा मुकदमा दर्ज करने और मारपीट के आरोप, दोषी कर्मियों पर कार्रवाई की मांग

**भीलवाड़ा फोकस @ हमीरगढ़**

**(अनिल डांगी)** थाना क्षेत्र के बिलियाकला गांव के ग्रामीणों ने सोमवार को जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर थाने में दर्ज एफआईआर नंबर 87 की निष्पक्ष जांच सीआईडी-सीबी से कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव निवासी कमलेश उर्फ कम्मु गुर्जर के खिलाफ दर्ज मुकदमा तथ्यात्मक रूप से गलत है तथा संबंधित पुलिसकर्मियों ने पद का दुरुपयोग करते हुए झूठा प्रकरण दर्ज किया है।

ज्ञापन में बताया गया कि 28 मई की रात करीब 8:40 बजे कमलेश गुर्जर बरडोद चौराहे स्थित देवनारायण मंदिर के पास बैठा था। इसी दौरान डीएसटी टीम वहां पहुंची और उसे अपने साथ ले गई।



ग्रामीणों का आरोप है कि कमलेश को स्वरूपगंज चौकी लाकर उसके साथ मारपीट की गई, जिससे उसका पैर टूट गया।

ग्रामीणों का कहना है कि बाद में पुलिस ने अपने बचाव के लिए कमलेश के खिलाफ हमीरगढ़ थाने में एफआईआर संख्या दर्ज कर दी। पुलिस रिकॉर्ड में दर्शाया गया है कि आरोपी हथियार लेकर जा रहा था और पुलिस को देखकर भागने के दौरान उसका पैर टूट गया, जबकि ग्रामीणों का दावा है कि चोट पुलिस हिरासत में मारपीट के कारण लगी थी।

ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि यदि कमलेश को रात 8:40 बजे ही पुलिस ने अपनी अभिरक्षा में ले लिया था, तो उसके द्वारा रात 12 बजे के बाद कथित घटना को अंजाम देना संभव नहीं है। ग्रामीणों ने पुलिस द्वारा बरामद बताए गए हथियार से भी कमलेश का कोई संबंध नहीं होने का दावा किया है। ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच के लिए कई बिंदुओं पर साक्ष्य जुटाने की मांग की है। इनमें बरडोद चौराहा, देवनारायण मंदिर, स्वरूपगंज चौकी और कथित घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित कराने, संबंधित पुलिसकर्मियों एवं कमलेश की मोबाइल लोकेशन व कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) की जांच, पुलिसकर्मियों की आमद-रवानगी रजिस्टर की जांच तथा चौकी एवं थाने के सीसीटीवी फुटेज का परीक्षण शामिल है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से समय रहते सभी इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों को सुरक्षित रखने तथा मामले की सीआईडी-सीबी से निष्पक्ष जांच करवाकर दोषी पाए जाने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञापन देते समय बिलियाकला गांव के कई ग्रामीण उपस्थित रहे ।

## खेत पर चारा लेने गई महिला को सांप ने डसा, उपचार के दौरान मौत

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)।** कस्बे में खेत पर पशुओं के लिए चारा लेने गई एक महिला की जहरीले सांप के काटने से मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर छा गई। चौकी प्रभारी प्यारचंद खटीक ने बताया कि सवाईपुर निवासी जस्सू देवी (57) पत्नी उदा माली रविवार दोपहर खेत पर पशुओं के लिए चारा लेने गई थीं। चारा काटने के दौरान उन्हें जहरीले सांप ने डस लिया, जिससे उनकी तबीयत बिगड़ गई।

परिजन तत्काल उन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। सूचना पर पुलिस



ने सोमवार को जिला चिकित्सालय में शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

मृतका के पुत्र शिवलाल की रिपोर्ट पर पुलिस ने जांच शुरू की है ।

## एएनटीएफ की नशा तस्करों पर डबल स्ट्राइक

### हमीरगढ़ और मंगरोप में दो अलग-अलग कार्रवाई, 885 ग्राम गांजा जब्त; दो आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**पुनीत चपलोत।** जिले में मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) का अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में हमीरगढ़ और मंगरोप थाना क्षेत्रों में की गई दो अलग-अलग कार्रवाइयों में कुल 885 ग्राम अवैध गांजा बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। एएनटीएफ महानिरीक्षक विकास कुमार ने बताया कि अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस दिनेश एम.एन. के निर्देशन में प्रदेशभर में नशा तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत भीलवाड़ा जिले में यह कार्रवाई की गई।

**हमीरगढ़ में 717 ग्राम गांजा बरामद**

सूचना के आधार पर एएनटीएफ टीम ने हमीरगढ़ रेलवे फाटक क्षेत्र में निगरानी शुरू की। इस दौरान रेलवे फाटक के आगे सर्विस रोड पर एक संदिग्ध युवक थैला लिए खड़ा मिला। स्थानीय पुलिस के पहुंचते ही वह भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 717 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने गांजा जब्त कर विजय कुमार खटीक उर्फ सोनू (31) निवासी खटीक मोहल्ला, हमीरगढ़ को गिरफ्तार कर लिया।

**मंगरोप में प्रशिक्षित डॉग की मदद से सफलता**

दूसरी कार्रवाई मंगरोप थाना क्षेत्र के गुवारड़ी नाला स्थित एनएच-48 पर देवनारायण मंदिर के पास की गई। सूचना के सत्यापन के बाद एएनटीएफ टीम ने सादा वेश में निगरानी रखी। पुलिस को देखकर संदिग्ध व्यक्ति भागने लगा, लेकिन उसे पकड़ लिया गया। तलाशी में उसके पास से 168 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। कार्रवाई के दौरान प्रशिक्षित डॉग की भी सहायता ली गई। पुलिस ने आरोपी मोहनलाल गुर्जर (40) निवासी गुवारड़ी, थाना मंगरोप को गिरफ्तार कर गांजा जब्त कर लिया।

**सप्लाई नेटवर्क की जांच में जुटी पुलिस**

दोनों मामलों में पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। जांच में यह पता लगाया जा रहा है कि गांजा कहां से लाया गया था और इसकी सप्लाई किन-किन लोगों तक की जानी थी। पुलिस का कहना है कि जिले में नशा तस्करों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।


' भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA FOCUS

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ



CMYK

# उप स्वास्थ्य केन्द्र की लोकेशन को लेकर विवाद, ग्रामीणों ने पंचायत मुख्यालय पर निर्माण की उठाई मांग

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां।**

ग्राम पंचायत लक्ष्मीखेड़ा में प्रस्तावित उप स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण स्थल को लेकर विवाद गहरा गया है। पंचायत क्षेत्र के ग्रामीणों ने सोमवार को उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण पंचायत मुख्यालय लक्ष्मीखेड़ा में ही करवाने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि निर्धारित प्रक्रिया और पूर्व प्रस्तावों की अनदेखी कर केन्द्र को दूसरे स्थान पर स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है।

ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि ग्राम पंचायत के गठन के बाद पंचायत मुख्यालय पर राजकीय भवनों के लिए भूमि आरक्षित की गई थी, जहां



पंचायत भवन का निर्माण भी हो चुका है। इसी परिसर में अन्य सरकारी संस्थानों के लिए पर्याप्त भूमि उपलब्ध है। वर्ष 2023 में उप स्वास्थ्य केन्द्र के लिए भूमि आवंटन का प्रस्ताव भी प्रशासन को भेजा गया था, जिस पर अभी अंतिम निर्णय होना शेष है।

ग्रामीणों का आरोप है कि प्रस्तावित भूमि पर निर्णय होने से पहले ही देवरी की नूण स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय परिसर में स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उनका कहना है कि विद्यालय परिसर में निर्माण कार्य प्रारंभ करने से पूर्व आवश्यक स्वीकृतियां और विभागीय अनापत्ति भी प्राप्त नहीं की गई हैं। ज्ञापन में ग्रामीणों ने तर्क दिया कि पंचायत मुख्यालय लक्ष्मीखेड़ा क्षेत्र की सबसे बड़ी आबादी वाला गांव है, जबकि जिस स्थान पर निर्माण प्रस्तावित है वह पंचायत मुख्यालय से काफी दूरी पर स्थित है। ऐसे में स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ अधिकाधिक लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से केन्द्र का निर्माण मुख्यालय पर ही किया जाना चाहिए।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की जांच करवाने, पूर्व में आरक्षित भूमि पर उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण सुनिश्चित करने तथा बिना सक्षम स्वीकृति के निर्माण कार्य शुरू करने के मामले में जिम्मेदार अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की भूमिका की जांच करने की मांग की है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान लक्ष्मीखेड़ा, छोटा लक्ष्मीखेड़ा, खैराडिया सहित पंचायत क्षेत्र के अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

# करुणा फाउंडेशन के नेत्र जांच शिविर में 261 मरीजों की जांच, 25 मोतियाबिंद रोगी चिन्हित



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

करुणा फाउंडेशन के तत्वावधान में नगर में विशाल निःशुल्क नेत्र जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर अपनी आंखों की जांच करवाई।

शिविर के दौरान कुल 261 मरीजों की जांच की गई। इनमें से 193 मरीजों को चश्मे एवं दवाइयों का वितरण किया गया। वहीं जांच के दौरान 25 मोतियाबिंद रोगियों को चिन्हित किया गया, जिनका उपचार एवं ऑपरेशन निःशुल्क कराया जाएगा।

शिविर में डॉ. आशीष धाकड़ एवं सचिन बैरागी ने अपनी सेवाएं देते हुए मरीजों की जांच की तथा आवश्यक परामर्श प्रदान किया। चिकित्सकों ने लोगों को आंखों की नियमित जांच कराने और नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश भी दिया।

शिविर के सफल आयोजन में घनश्याम मेड़तिया, पुरुषोत्तम मेड़तिया एवं ओम प्रकाश मेड़तिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# मुकुल पंचोली बने सहाड़ा तहसील अध्यक्ष, ब्राह्मण महासभा ने सौंपी जिम्मेदारी



**भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर ।**

अखिल भारतीय सर्व ब्राह्मण महासभा के संगठन विस्तार अभियान के तहत मुकुल पंचोली को सहाड़ा तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी सामाजिक सक्रियता एवं संगठनात्मक कार्यक्षमता को देखते हुए महासभा ने यह दायित्व सौंपा है।

महासभा के जिला उपाध्यक्ष जुगनू तिवाड़ी ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष मनोज शर्मा (गोटे वाला) की अनुमति एवं प्रदेश महामंत्री बृजेश पारीक की अनुशंसा पर यह नियुक्ति की गई है।

इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री बृजेश पारीक ने युवाओं को संबोधित करते हुए समाजहित, सामाजिक एकता और संगठन को मजबूत बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को अनुशासन, समर्पण और सकारात्मक सोच के साथ अपने लक्ष्य प्राप्त करने चाहिए। कार्यक्रम में प्रदेश संरक्षक श्याम सुंदर त्रिपाठी, कला व्यास, प्रेमशंकर व्यास, रेखा पंचोली, सुरेश पंचोली, ओमप्रकाश उपाध्याय, राहुल तिवारी, दीपक तिवारी सहित अनेक पदाधिकारी एवं समाजजन उपस्थित रहे। नियुक्ति पर महासभा के पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने मुकुल पंचोली का स्वागत करते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

# तूफानी हवाओं का कहर, पेड़-दीवारें गिरीं, बिजली व्यवस्था ठप

**भीलवाड़ा फोकस @ पोटलां।**

कस्बे एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सोमवार शाम आए तेज अंधड़ और तूफानी हवाओं ने भारी नुकसान पहुंचाया। अचानक बदले मौसम के बीच चली चक्रवाती हवाओं से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। कई स्थानों पर टिनशेड उड़ गए, दीवारें ढह गईं और दर्जनों पेड़ उखड़कर सड़कों पर गिर पड़े। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शाम करीब 5:30 बजे तेज धूलभरी हवाओं के साथ मौसम ने अचानक करवट ली। तेज हवा के दबाव से कई मकानों और दुकानों के टिनशेड उड़कर दूर जा गिरे, वहीं आधा दर्जन से अधिक कच्चे-पक्के मकानों की दीवारें क्षतिग्रस्त हो गईं। हालांकि किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है।

तूफान का सबसे अधिक असर बिजली व्यवस्था पर पड़ा। कई स्थानों पर पेड़ों के



गिरने से विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हो गए तथा बिजली की लाइनें टूटकर सड़कों पर बिखर गईं। इसके चलते पूरे क्षेत्र में बिजली आपूर्ति ठप हो गई और ब्लैकआउट जैसी स्थिति बन गई। बिजली बंद होने से पेयजल आपूर्ति प्रभावित होने की भी आशंका जताई जा रही है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन एवं विद्युत विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं। सड़कों पर गिरे पेड़ों को हटाने और यातायात बहाल करने का कार्य शुरू किया गया। विद्युत विभाग ने क्षतिग्रस्त पोल और तारों को बदलने के लिए अतिरिक्त टीमों को लगाया है।

# तेज अंधड़ और बारिश से जनजीवन प्रभावित, वट वृक्ष और दीवार गिरी

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**

**(जसवंत पारीक)।** क्षेत्र में सोमवार दोपहर बाद अचानक बदले मौसम ने लोगों को गर्मी से राहत तो दी, लेकिन तेज हवाओं और बारिश के कारण कई जगह नुकसान भी हुआ। तेज अंधड़ के चलते पेड़ गिर गए, दीवार ढह गई और बिजली व्यवस्था प्रभावित हो गई।

जानकारी के अनुसार दोपहर बाद मौसम में बदलाव के साथ तेज हवाएं चलने लगीं। आकोला कस्बे में बनास नदी किनारे स्थित तेजाजी चौक का वर्षों पुराना वट वृक्ष तेज हवाओं के कारण धराशायी हो गया। वहीं कस्बे में भेरू गाडरी के मकान के पास स्थित एक दीवार भी तेज हवा का दबाव नहीं झेल सकी और गिर गई। गनीमत रही कि घटना के समय वहां कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। तेज बारिश के चलते खेतों में पानी भर गया,



जिससे किसानों को खरीफ सीजन की तैयारियों के लिए नमी मिलने की उम्मीद जगी है। दूसरी ओर तेज हवाओं के कारण क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति भी बाधित हो गई। दोपहर में बंद हुई बिजली समाचार लिखे जाने तक बहाल नहीं हो सकी थी।

हालांकि बारिश और मौसम में आए बदलाव से लोगों को भीषण गर्मी और उमस से काफी राहत मिली तथा तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

# बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।**

देश और प्रदेश में बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल एवं रसोई गैस की बढ़ती कीमतों, बिजली-पानी की समस्याओं तथा बेरोजगारी के मुद्दे को लेकर सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मांडलगढ़ में प्रदर्शन कर उपखंड अधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामलाल जाट के निर्देश पर आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस



पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध जताया। ज्ञापन में आमजन पर बढ़ते महंगाई के बोझ, युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने तथा मूलभूत सुविधाओं में सुधार की मांग की गई।

इस दौरान ब्लॉक कोऑर्डिनेटर रफीक टांक, पूर्व प्रधान जितेंद्र मुंद्रड़ा, भैरूलाल जाट, पूर्व उपप्रधान धनराज जाट, कपिल सुखवाल, पंचायत समिति सदस्य भेरूलाल शर्मा, सत्यनारायण माली, पूर्व सरपंच रामप्रसाद जाट, पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष अब्दुल रशीद सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने महंगाई, बेरोजगारी और जनसुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर सरकार से प्रभावी कदम उठाने की मांग की।

# पूर्व एसीजेएम दीप्ति स्वामी को भावभीनी विदाई

## अभिभाषक संघ ने सम्मान समारोह आयोजित कर उज्ज्वल भविष्य की दी शुभकामनाएं

**भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर ।**

अभिभाषक संघ द्वारा पूर्व अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दीप्ति स्वामी को ससम्मान भावभीनी विदाई दी गई। आयोजित सम्मान समारोह में न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अपर जिला न्यायिक मजिस्ट्रेट अनिता टेलर, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अमित दवे तथा उपखंड अधिकारी



विवेक गुर्जर उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अभिभाषक संघ अध्यक्ष अरविंद चौधरी ने कहा कि दीप्ति स्वामी ने अपने कार्यकाल में निष्पक्ष, पारदर्शी एवं संवेदनशील न्यायिक कार्यशैली से न्यायालय में विशिष्ट पहचान बनाई। उन्होंने कहा कि एक महिला न्यायाधीश के रूप में उन्होंने न्याय व्यवस्था की गरिमा को बनाए रखते हुए आमजन का विश्वास मजबूत किया।

समारोह में वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने भी उनके न्यायिक कार्यों एवं सौम्य व्यवहार की प्रशंसा की। इस अवसर पर विष्णु कुमार सुवालका, अपर लोक अभियोजक दिनेश बापना, सुनील जैन पोटला, तख्तसिंह, ललित सुराणा, विद्या गोस्वामी, दिव्या सोनी, कुलदीप शर्मा, मदनलाल जीनगर, आनंदपाल सिंह, अरविंद त्रिपाठी, दिनेश श्रोत्रिय, सचिन मोगरा एवं सलीम अंसारी सहित अनेक अधिवक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। अभिभाषक संघ की ओर से दीप्ति स्वामी को स्मृति चिन्ह, शाल-श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता जगदीश बुलीवाल ने किया। समारोह में बड़ी संख्या में अधिवक्तागण एवं न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# सीबीईओ नागर को भावभीनी विदाई, ग्रामीणों व शिक्षा विभाग ने किया सम्मानित

## मांडल उपखंड से सेवानिवृत्त हुए अधिकारी, सेवाकाल की सराहना

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

जिले के मांडल उपखंड में कार्यरत सीबीईओ सत्यनारायण नागर के सेवानिवृत्ति अवसर पर भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर ग्रामीणों, शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने उनका जोरदार स्वागत कर सम्मान व्यक्त किया। समारोह में उपस्थित सभी लोगों ने नागर के सेवाकाल को याद करते हुए उनके कार्यों की सराहना की।


कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि नागर ने अपने कार्यकाल में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया। उन्होंने



विद्यालयों में शैक्षणिक वातावरण सुधारने, विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ाने तथा विभिन्न शैक्षिक योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके प्रयासों से क्षेत्र में शिक्षा के स्तर में सकारात्मक बदलाव देखने को मिला।

ग्रामीणों ने भी नागर के सरल स्वभाव और सहयोगी कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता से सुना और समाधान के लिए तत्पर रहे। शिक्षा विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें एक प्रेरणास्रोत बताते हुए उनके अनुभवों को विभाग के लिए अमूल्य बताया।

समारोह के अंत में नागर का साफा व माला पहनाकर अभिनंदन किया गया तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। अपने संबोधन में नागर ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ करने का प्रयास किया है और आगे भी समाज के लिए सक्रिय रहेंगे।



QUICK BITES

## विक्रम दाधीच ने किया 112वां रक्तदान, युवाओं को दिया मानव सेवा का संदेश

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



समाजसेवी विक्रम दाधीच ने नौतपा की भीषण गर्मी के बीच अपना 112वां रक्तदान कर मानव सेवा की मिसाल पेश की। उन्होंने कहा कि ‘रक्तदान सबसे बड़ा महादान है ‘, क्योंकि इससे जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन मिलता है।दाधीच पिछले करीब 40 वर्षों से नियमित रक्तदान कर रहे हैं और रक्तदान जागरूकता अभियान से भी जुड़े हुए हैं। उन्होंने युवाओं से अधिक से अधिक रक्तदान करने और सामाजिक सरोकारों से जुड़ने का आह्वान किया।

इस अवसर पर महंत आशुतोष शर्मा, समाजसेवी डी.के. दाधीच, ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. दीपक गोयल, डॉ. प्रतिभा शेखावत, अर्पित बाहेती एवं मनोज प्रजापत सहित कई गणमान्यजन उपस्थित रहे। वक्ताओं ने विक्रम दाधीच के 112वें रक्तदान को समाज के लिए प्रेरणादायक बताते हुए उनकी सराहना की।

## श्री जुझार जी महाराज मंदिर का पूर्णाहुति महोत्सव संपन्न, भव्य जलयात्रा में उमड़ा जनसैलाब

**भीलवाड़ा फोकस @ लाडपुरा।**



कस्बे में श्री खटवांग समाज सेवा संस्थान के तत्वावधान में आयोजित श्री जुझार जी महाराज मंदिर का पूर्णाहुति महोत्सव श्रद्धा, उत्साह और धार्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ। नव निर्मित भव्य मंदिर का निर्माण चंदेरिया परिवार एवं समाजजनों के सामूहिक सहयोग से कराया गया।

संस्थान के प्रमुख शांतिलाल खटीक ने बताया कि दो दिवसीय महोत्सव के अंतर्गत रात्रि जागरण, जलयात्रा, वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन-पूजन, कलश स्थापना, धर्म ध्वजा आरोहण एवं महाप्रसादी जैसे धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। महोत्सव का मुख्य आकर्षण ऐतिहासिक बावड़ी से निकाली गई भव्य जलयात्रा रही। समाज के पंचगण, युवा एवं महिलाएं मंगल कलश में जल लेकर गाजे-बाजे और भजनों के साथ गांव के प्रमुख मार्गों से होते हुए मंदिर पहुंचे। यज्ञ में वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार आहुतियां दी गई तथा कलश स्थापना और धर्म ध्वजा चढ़ाने की रस्म संपन्न हुई। इसके बाद आयोजित महाप्रसादी में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में लाडपुरा, धारडी, मेंढकी, बैगु, भीलवाड़ा सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए खटीक समाज के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने धर्मलाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर समाज के भामाशाहों एवं गणमान्यजनों सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु, मातृशक्ति एवं युवाओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में श्री खटवांग समाज सेवा संस्थान एवं चंदेरिया परिवार ने सभी अतिथियों और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

## ठेकेदार और विभागीय लापरवाही की भेंट चढ़ा किसान, डेढ़ साल बाद भी नहीं मिला ट्रांसफार्मर

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़**

क्षेत्र के किसानों को समय पर बिजली कनेक्शन नहीं मिलने से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसा ही मामला ग्राम बाकरा निवासी किसान कैलाश पिता मोहनलाल कंजर का सामने आया है, जिन्होंने कृषि कार्य के लिए थ्री फेज बिजली कनेक्शन लेने हेतु 13 नवंबर 2024 को विभाग में निर्धारित डिमांड राशि जमा करवाई थी, लेकिन लंबा समय बीत जाने के बाद भी आज तक ट्रांसफार्मर और कनेक्शन उपलब्ध नहीं कराया गया।

किसान कैलाश कंजर ने बताया कि कनेक्शन के लिए सभी आवश्यक दस्तावेज और शुल्क समय पर जमा करवाने के बावजूद विभाग और ठेकेदार की लापरवाही के कारण उन्हें लगातार चक्कर काटने पड़ रहे हैं। कई बार अधिकारियों से गुहार लगाने के बाद भी सिर्फ आश्वासन ही मिल रहा है।

किसान का कहना है कि बिजली कनेक्शन नहीं मिलने से खेतों में सिंचाई कार्य प्रभावित हो रहा है, जिससे फसल उत्पादन पर सीधा असर पड़ रहा है। भीषण गर्मी और पानी की कमी के बीच किसान आर्थिक नुकसान झेलने को मजबूर है।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर?

“भीलवाड़ा फोकस” को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती श्रद्धा एवं गौरव के साथ मनाई

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**





आटून रोड स्थित कमला पॉम सोसाइटी में लोकमाता राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती श्रद्धा, सम्मान एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंद तीर्थ एवं स्वामी लक्षेश्वरानंद तीर्थ के सानिध्य में संपन्न हुआ।


इस अवसर पर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंदजी तीर्थ ने राजमाता अहिल्याबाई होल्कर के आदर्श जीवन, उत्कृष्ट प्रशासन, धर्म एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर भारतीय संस्कृति, नारी शक्ति और लोककल्याण की प्रेरणास्रोत हैं। उनके द्वारा देशभर में निर्मित मंदिर, घाट और धर्मस्थल आज भी उनकी दूरदर्शिता एवं जनसेवा की भावना के प्रतीक हैं।

कार्यक्रम में कॉन्ट्रैक्टर ओम प्रकाश सेन, गोपाल सेन, राहुल सेन, तन्मय सेन सहित कमला पॉम सोसाइटी के अनिल नुवाल , महेश शर्मा , राजू सिंह , सुरेंद्र सिंह तथा महिला मंडल की मीना सेन , मंजू नुवाल , कांता देवपुरा ,कुसुम सेन ,अंकिता सेन , महिमा नुवाल एवं कोमल सेन सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने राजमाता अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया।

अंत में कॉन्ट्रैक्टर ओम प्रकाश सेन ने सभी का आभार व्यक्त किया ।

# ‘भागवत कथा मानव को मोह से मोक्ष की ओर ले जाती है: स्वामी अशोकानंद जी महाराज ‘

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



सनातन सेवा समिति, हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर एवं महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम जी उदासीन महाराज के सानिध्य में पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिवस कथाव्यास पूज्य स्वामी अशोकानंद जी महाराज (जबलपुर) ने श्रीमद्भागवत महापुराण के महात्म्य तथा राजा परीक्षित एवं परमज्ञानी श्री शुकदेव जी महाराज के पावन प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। इससे पूर्व विधि विधान से श्रीमद भागवत जी को व्यास पीठ पर स्थापित किया। महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम जी उदासीन ने कथा व्यास स्वामी अशोकानंद जी महाराज का अभिनंदन किया। स्वामी अशोकानंद जी महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत महापुराण समस्त वेदों, उपनिषदों एवं शास्त्रों का सार है। यह ग्रंथ भगवान श्रीकृष्ण का वाड्मय स्वरूप है, जिसके श्रवण, मनन एवं चिंतन से जीव के हृदय में भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का उदय होता है। भागवत कथा कलियुग में मोक्ष प्रदान करने वाली दिव्य ज्ञानगंगा है, जो मानव जीवन को परमात्मा से जोड़ने का कार्य करती है। उन्होंने राजा परीक्षित के प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि महाभारत युद्ध के उपरांत जन्मे राजा परीक्षित को ऋषि पुत्र श्रृंगी के श्रापवश सातवें दिन तक्षक नाग के दंश से मृत्यु होने का समाचार मिला। तब राजा परीक्षित ने सांसारिक मोह-माया का त्याग कर गंगा तट पर बैठकर यह प्रश्न किया कि मृत्यु निकट होने पर मनुष्य को क्या करना चाहिए और किसका स्मरण करना चाहिए। इसी समय परम विरक्त एवं ब्रह्मज्ञानी श्री शुकदेव जी महाराज वहां पधारे। राजा परीक्षित के प्रश्नों के उत्तर में उन्होंने सात दिनों तक श्रीमद्भागवत कथा का अमृतपान कराया। कथा श्रवण के प्रभाव से राजा परीक्षित को परम ज्ञान की प्राप्ति हुई और उन्होंने भगवान के चरणों में अपना जीवन समर्पित कर मोक्ष प्राप्त किया। स्वामी अशोकानंद जी महाराज ने कहा कि परीक्षित और शुकदेव का संवाद मानव जीवन के लिए आदर्श है। यह प्रसंग सिखाता है कि जीवन का प्रत्येक क्षण भगवान के स्मरण, सत्संग और धर्ममय आचरण में व्यतीत करना चाहिए। भागवत कथा मनुष्य को सांसारिक बंधनों से मुक्त कर भगवान की भक्ति की ओर अग्रसर करती है।

कथा के दौरान श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होकर कथा श्रवण करते रहे। आश्रम परिसर भगवान के जयघोष एवं भजनों से गुंजायमान रहा। आज विष्णु यज्ञ में

चांद मल सोमानी ने आहुतियाँ दी एवं महादेव का रुद्राभिषेक किया। पुरुषोत्तम माह महोत्सव के अंतर्गत आश्रम में प्रतिदिन विष्णु यज्ञ, रुद्राभिषेक, संकीर्तन, गंगा आरती एवं विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हो रहे हैं। आश्रम के संत मायाराम और संत गोविन्दराम ने सनातन धर्म के सभी श्रद्धालुओं से पुरुषोत्तम मास में भीलवाड़ा में बह रही धर्मगंगा की त्रिवेणी का लाभ लेने का आग्रह किया है। इस अवसर पर संत ईशान राम, संत सुयज्ञ राम आदि उपस्थित थे।

# सावर में अवैध कॉलोनी पर चला बुलडोजर, 120 प्लॉटों की चारदीवारी ध्वस्त

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**



नगरपालिका क्षेत्र की चौसला कॉलोनी के पास विकसित की जा रही कथित अवैध कॉलोनी पर सोमवार को प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार जेसीबी मशीनों की मदद से करीब 120 प्लॉटों के लिए बनाई गई चारदीवारी को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा और मौके पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए।

प्रशासन के अनुसार संबंधित भूमि नगरपालिका की बताई जा रही है, जिस पर बिना अनुमति प्लॉटिंग किए जाने की शिकायतें मिल रही थीं। कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों और अतिक्रमणों को लेकर चर्चा तेज हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उक्त भूमि पर लंबे समय से प्लॉटिंग का कार्य चल रहा था और कई लोगों ने भूखंड भी खरीद रखे हैं। ऐसे में कार्रवाई के बाद उन लोगों में चिंता बढ़ गई है जिन्होंने यहां निवेश किया था।

कार्रवाई के दौरान केकड़ी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश मील, पुलिस उपाधीक्षक हर्षित शर्मा, सावर तहसीलदार भगवती प्रसाद वैष्णव, थानाधिकारी राधेश्याम चौधरी सहित पांच थानों का पुलिस जाप्ता मौजूद रहा। प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से कार्रवाई को अंजाम दिया।

इधर, कार्रवाई के बाद क्षेत्र में यह सवाल भी उठ रहे हैं कि यदि कॉलोनी अवैध थी तो इसके विकास के दौरान समय रहते रोकथाम क्यों नहीं की गई। लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ अभियान शुरू किया गया है तो नगरपालिका क्षेत्र में अन्य स्थानों पर हो रहे अतिक्रमणों और अवैध कॉलोनियों पर भी समान रूप से कार्रवाई की जानी चाहिए। प्रशासन की इस कार्रवाई को क्षेत्र में अवैध कब्जों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई के रूप में देखा जा रहा है।

# राज्यमंत्री ओमप्रकाश भड़ाना का भाजपा कार्यालय में स्वागत, संगठनात्मक बैठक में दिए दिशा-निर्देश

### वंदे गंगा अभियान और मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर होने वाले कार्यक्रमों की समीक्षा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



राजस्थान सरकार में देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष एवं राज्य मंत्री ओमप्रकाश भड़ाना के भाजपा जिला कार्यालय पहुंचने पर जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर भड़ाना ने जिला, मोर्चा एवं मंडल पदाधिकारियों की संगठनात्मक एवं समीक्षा बैठक भी ली।

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि बैठक में राज्य मंत्री भड़ाना ने वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान की प्रगति एवं उसमें संगठन की सहभागिता की समीक्षा करते हुए अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने केंद्र की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों को जिले में ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

बैठक में भड़ाना ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ कार्य करता है और कार्यकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा आमजन तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाने पर जोर दिया।

इससे पूर्व जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए जिला संगठन की गतिविधियों एवं हाल ही में संपन्न जिला प्रशिक्षण शिविर की रिपोर्ट प्रस्तुत की।

बैठक में जिला महामंत्री अविनाश जीनगर, कन्हैयालाल जाट, प्रहलाद त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष कुलदीप शर्मा, गोपाल तेली, कल्पेश चौधरी, जिला मंत्री कांता शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष ललित अग्रवाल, जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया सहित मोर्चा, मंडल एवं प्रकोष्ठों के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# तूफान और बारिश ने मचाई तबाही, बलियाखेड़ा में लाखों का नुकसान

## दीवारें ढहीं, टीनशेड उड़े, आधा दर्जन मवेशियों की मौत; बड़ला में गिरे ओले, कई गांवों में बिजली गुल

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)।** क्षेत्र में सोमवार दोपहर बाद आए तेज तूफान और बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। सबसे अधिक नुकसान बलियाखेड़ा गांव में हुआ, जहां तेज आंधी ने जमकर तबाही मचाई। कई मकानों और बाड़ों पर लगे टीनशेड उड़कर दूर जा गिरे, जबकि कई जगह दीवारें ढह गईं। दीवारों के मलबे में दबने से करीब आधा दर्जन मवेशियों की मौत हो गई तथा एक दर्जन से अधिक मवेशी घायल हो गए। तूफान के कारण कई पेड़ उखड़कर सड़कों पर गिर गए, जिससे ग्रामीण मार्ग अवरुद्ध हो गए। विद्युत पोल और ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होने से कई गांवों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई। ग्रामीणों के अनुसार इस प्राकृतिक





आपदा से लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। प्रभावित परिवारों ने प्रशासन से सर्वे कर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

दोपहर करीब तीन बजे मौसम ने अचानक करवट ली और आसमान में काले बादल छा गए। करीब चार बजे तेज रफ्तार आंधी शुरू हुई, जो 10 से 15 मिनट तक चली। इसके बाद क्षेत्र में झमाझम बारिश का दौर शुरू हो गया। कस्बा सहित कई गांवों में अच्छी बारिश दर्ज की गई। बड़ला गांव में बारिश के साथ छोटे बेर के आकार के ओले भी गिरे, जिससे मौसम और अधिक सुहावना हो गया। वहीं सोपुरा गांव में गोवर्धन नायक और संजय नायक के मकानों पर लगे सीमेंट के चद्दर तेज हवाओं से उड़ गए। कई दुकानों के बाहर लगे होर्डिंग और बोर्ड भी उखड़कर दूर जा गिरे।

बारिश और ठंडी हवाओं से क्षेत्रवासियों को भीषण गर्मी और उमस से राहत मिली है। किसानों का कहना है कि समय पर हुई यह बारिश कपास सहित खरीफ फसलों के लिए लाभदायक साबित होगी।

# पीएम श्री बालिका विद्यालय में अभिरुचि शिविर सम्पन्न, छात्राओं की रचनात्मक प्रतिभा का हुआ प्रदर्शन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**




पीएम श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, बापू नगर में 17 से 31 मई तक आयोजित 15 दिवसीय 'अभिरुचि शिविर' का समापन छात्राओं द्वारा तैयार की गई आकर्षक सामग्री की प्रदर्शनी के साथ हुआ। शिविर में कक्षा 6 से 8 तक की बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रधानाचार्य सुनीता नानकानी ने बताया कि शिविर प्रभारी संजू शर्मा तथा प्रशिक्षक मंजू शर्मा, सुरेश माली और कोमल स्वर्णकार के मार्गदर्शन में छात्राओं को खेलकूद, योग, व्यक्तित्व विकास, कला-कौशल एवं रचनात्मक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान बालिकाओं ने वेस्ट मटेरियल से सजावटी वस्तुएं, पेंटिंग, हैंडीक्राफ्ट और ग्रीटिंग कार्ड सहित विभिन्न आकर्षक सामग्री तैयार की।

शिविर के दौरान एडीपीसी डॉ. कल्पना शर्मा, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रामेश्वर जीनगर तथा निवर्तमान पार्षद लव कुमार जोशी ने विद्यालय पहुंचकर गतिविधियों का अवलोकन किया और छात्राओं के कार्यों की सराहना की।

समापन समारोह में प्रधानाचार्य सुनीता नानकानी ने कहा कि यह शिविर बालिकाओं में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और कौशल विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण साबित हुआ है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को भी प्रोत्साहित किया गया।

इसी अवधि में विभागीय निर्देशानुसार कक्षा 12 में अध्ययनरत छात्राओं के लिए समाज सेवा शिविर भी आयोजित किया गया। शिविर प्रभारी लक्ष्मी शर्मा एवं सुनीता जोशी के नेतृत्व में छात्राओं ने स्वच्छता अभियान, नुक्कड़ नाटक, जल संरक्षण रैली, पौधों की देखभाल तथा विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में भाग लिया।

अंतिम दिन आयोजित प्रदर्शनी में छात्राओं द्वारा निर्मित सामग्री को अभिभावकों एवं आगंतुकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ।

# पंचायतीराज मंत्रालयिक कर्मचारियों ने शुरू किया 'स्वाभिमान बचाओ आंदोलन', विकास अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।**



ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग के मंत्रालयिक कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एक जून से प्रदेशव्यापी 'स्वाभिमान बचाओ आंदोलन' की शुरुआत कर दी है। आंदोलन के प्रथम चरण में सोमवार को पंचायतीराज मंत्रालयिक कर्मचारी संगठन ब्लॉक मांडलगढ़ के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने विकास अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

संगठन के प्रदेश प्रतिनिधि अशोक कुमार वैष्णव ने बताया कि लंबे समय से लंबित मांगों के समाधान के लिए विभागीय स्तर पर प्रयास किए गए, लेकिन सकारात्मक निर्णय नहीं होने पर आंदोलन का निर्णय लिया गया है। कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में उत्तराखंड पैटर्न लागू करना, ग्राम पंचायत स्तर पर त्रिस्तरीय व्यवस्था, कैडर रिव्यू, अतिरिक्त प्रभार एवं हार्ड ड्यूटी भत्ता, अंतरजिला स्थानांतरण तथा वर्ष 2013 की कनिष्ठ लिपिक भर्ती प्रकरण की निष्पक्ष जांच शामिल हैं।


संगठन के हरिशंकर तेली ने कहा कि कर्मचारियों की जायज मांगों पर सरकार को शीघ्र निर्णय लेना चाहिए, अन्यथा आंदोलन को और तेज किया जाएगा। वहीं राधेश्याम अहीर एवं आशीष कुमार भट्ट ने कहा कि मंत्रालयिक कर्मचारियों के हितों की लगातार उपेक्षा की जा रही है, जिसके विरोध में यह आंदोलन शुरू किया गया है।

संगठन ने चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा करते हुए बताया कि 8 जून को जिला स्तर पर ज्ञापन, 10 से 16 जून तक आधा दिन कलम डाउन, 17 से 19 जून तक सद्बुद्धि यज्ञ, 24 व 25 जून को जयपुर कूच, 1 जुलाई से योजनाओं का बहिष्कार तथा 6 जुलाई को मुख्यमंत्री घेराव किया जाएगा। मांगें नहीं माने जाने पर 7 जुलाई को जयपुर के जल महल पर महाजल समाधि आंदोलन भी प्रस्तावित है।

ज्ञापन कार्यक्रम में अभिषेक गोस्वामी, रमेश कुमार मीणा, मंजू तेली, ज्योति जैन, मुकेश कुमार बेरवा, कमलेश कुमार गुर्जर, सूर्यभान सिंह, राधेश्याम धाकड़, सोनू पाराशर, चेतन पाराशर, फरियाज अली एवं भागीरथ मीणा सहित कई कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सांवरिया सेठ मंदिर में नौका विहार महोत्सव, भक्ति में सराबोर हुए हजारों श्रद्धालु

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**





पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर नौगांवा स्थित प्रसिद्ध श्री सांवरिया सेठ मंदिर में आयोजित नौका विहार एवं जल क्रीड़ा महोत्सव श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम बन गया। 'हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की' और 'सांवरिया सेठ की जय' के जयघोषों से मंदिर परिसर दिनभर गूंजता रहा।

महोत्सव के दौरान ठाकुरजी को विशेष श्रृंगार के साथ गर्भगृह से बाहर लाया गया। श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक दिव्य नौका को अपने कंधों पर उठाकर जलकुंड तक पहुंचाया, जहां भगवान ने प्रतीकात्मक नौका विहार एवं जल क्रीड़ा की। इस मनोहारी दृश्य के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े और अपने कैमरों में इस अलौकिक पल को कैद किया।

कार्यक्रम में प्रभु श्रीनाथजी की विशेष झांकी भी सजाई गई, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। भजन संकीर्तन के दौरान भजन गायकों ने जब सांवरिया सेठ के भजनों की प्रस्तुति दी तो श्रद्धालु भावविभोर होकर भक्ति रस में झूम उठे।

महोत्सव में देवस्थान विभाग के सहायक आयुक्त गिरीश बचानी, नगर निगम के पूर्व सभापति ओमप्रकाश नराणीवाल, पंचमुखी दरबार के पुजारी मुरारी पांडे, सत्यनारायण मूंदड़ा, राजेंद्र कचोलिया, अनिल न्याति, राधाकृष्ण सोमानी, भंवरलाल दरगड़ एवं मधुसूदन बहेड़िया सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। सभी ने ठाकुरजी की आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

महोत्सव के सफल आयोजन पर मंदिर ट्रस्ट के संरक्षक डीपी अग्रवाल, अध्यक्ष गोविंद प्रसाद सोडाणी, सचिव कैलाश डाड सहित ट्रस्ट पदाधिकारियों ने श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन महाआरती, छप्पन भोग एवं करीब 700 किलो आमरस प्रसाद के वितरण के साथ हुआ। श्रद्धालुओं ने इसे भक्ति, आस्था और उत्साह से भरपूर अविस्मरणीय आयोजन बताया।

# वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के तहत बावड़ी की सफाई, श्रमदान कर दिया जल संरक्षण का संदेश

**भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास**



**(रोशन)।** वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के तहत सोमवार को कस्बे की ऐतिहासिक बावड़ी पर स्वच्छता एवं श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान में क्षेत्रीय विधायक गोपाल खंडेलवाल ने भाग लेते हुए बावड़ी की सफाई, कूड़ा निकालने तथा जल स्रोत संरक्षण कार्यों में सहभागिता की। इस दौरान बावड़ी में जमा कचरा, झाड़-झंखाड़ एवं गाद को हटाकर जल स्रोत को स्वच्छ बनाने का कार्य किया गया।

विधायक खंडेलवाल ने कहा कि जल संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए जल स्रोतों का संरक्षण करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।


मंडल अध्यक्ष श्यामलाल अहीर एवं गजेंद्र साहू ने बताया कि अभियान का उद्देश्य आमजन में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जल स्रोतों के संरक्षण में जनभागीदारी सुनिश्चित करना है। उन्होंने लोगों से जल बचाने एवं पारंपरिक जल स्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में संजय डांगी, शंकर खटिक, श्यामलाल चौधरी, बसंती सोनी, शिवप्रकाश भट्ट, शिवप्रकाश दरक सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं शैतान सिंह शक्तावत, भंवर खटिक, राहुल , कालूलाल , दुर्गालाल गट्टाणी, लालराम गुर्जर, पिंटू ओझा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने श्रमदान कर अभियान को सफल बनाया।

## QUICK BITES

### कलश यात्रा के साथ महेश वाटिका में श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव का शुभारंभ आज

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**




पूरण मल सम्पत देवी रांदड़ परिवार के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव का शुभारंभ 2 जून से होगा। कथा महोत्सव के प्रथम दिन प्रातः 7 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो सिद्ध बली हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर कथा स्थल तक पहुंचेगी। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं एवं पुरुष पारंपरिक वेशभूषा में भाग लेंगे।

आयोजक परिवार के जगदीश सोनी ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन 2 जून से 8 जून 2026 तक प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक किया जाएगा। कथा का रसपान श्रद्धेय कृपा राम जी महाराज, जोधपुर के श्रीमुख से कराया जाएगा।

कथा आयोजन का स्थल महेश वाटिका, रोडवेज बस स्टैंड के पास, भीलवाड़ा रखा गया है। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं, भक्ति, ज्ञान एवं वैराग्य का विस्तार से वर्णन किया जाएगा। आयोजन समिति के जगदीश सोनी ने धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से कलश यात्रा एवं कथा श्रवण में अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने का आग्रह किया है।

### गुरला में झमाझम बारिश व ओलावृष्टि से मौसम सुहाना, खेती की तैयारियों में जुटे किसान

**भीलवाड़ा फोकस @ गुरला।**



क्षेत्र में सोमवार को मौसम ने अचानक करवट ली। आसमान में काले बादल छाने के बाद तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश हुई, वहीं कई स्थानों पर ओलावृष्टि भी दर्ज की गई। बारिश और ठंडी हवाओं से तापमान में गिरावट आई, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली और मौसम सुहावना हो गया।

बारिश के बाद किसानों के चेहरों पर भी खुशी साफ नजर आई। खेतों में पर्याप्त नमी आने से किसानों ने खरीफ फसलों की बुआई की तैयारियां तेज कर दी हैं। जगह-जगह ट्रैक्टर और कृषि यंत्रों की मदद से खेतों की जुताई का कार्य शुरू हो गया है। किसान समय पर बुआई कर बेहतर उत्पादन की उम्मीद लगाए हुए हैं।

इधर, आगामी बुआई सीजन को देखते हुए किसानों ने खाद और बीज की व्यवस्था भी शुरू कर दी है। क्षेत्र की ग्राम सेवा सहकारी समितियों पर डीएपी, यूरिया तथा उन्नत किस्म के बीज लेने के लिए किसानों की भीड़ उमड़ रही है। किसान समय रहते आवश्यक कृषि सामग्री का भंडारण कर रहे हैं ताकि बुआई के दौरान किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

### रोशन मेघवंशी बने भाजपा अजा मोर्चा की प्रदेश स्तरीय टोली के सह-संयोजक

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर 5 से 21 जून तक आयोजित होने वाले जनसंपर्क एवं जनकल्याण अभियान के लिए भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की प्रदेश स्तरीय टोली का गठन किया गया है। मोर्चा के प्रदेश मंत्री रोशन मेघवंशी को टोली में सह-संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

मोर्चा प्रदेश महामंत्री डॉ. मुकेश गर्ग ने बताया कि अभियान के तहत परिंडे लगाना, स्वच्छता अभियान, प्रगति पथ यात्रा, जनकल्याण शिविर, प्राकृतिक खेती कार्यशाला, पर्यावरण दिवस और योग दिवस सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### भाविप का संस्कार प्रकल्प, बच्चों ने खेल-खेल में जाने सनातन संस्कार, सीखे सफलता के मंत्र

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



भारत विकास परिषद एवं काशीपुरी वकील कॉलोनी महेश समिति की ओर से बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए एक बेहद सराहनीय और प्रेरणादायक पहल की गई है। परिषद द्वारा राम धाम के पीछे स्थित माहेश्वरी भवन में आयोजित संस्कार प्रकल्प (स्वामी विवेकानंद सत्र) के तहत नई पीढ़ी को सनातन संस्कृति और नैतिक मूल्यों से जोड़ने का अनूठा प्रयास किया गया। विवेकानंद शाखा के अध्यक्ष गिरीश अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में सनातन हिंदू जनजागृति संस्थान के कार्यवाहक जगदीश आनंद लाखोटिया सहित प्रबुद्ध मातृशक्ति ने बच्चों को जीवनोपयोगी और सनातन संस्कारों से जोड़ा। इस विशेष सत्र में 7 से 15 वर्ष तक के बालकों को विद्यार्थी जीवन में आने वाली चुनौतियों, दुखों और असमंजस के पलों में धैर्यपूर्वक सामना करने की सीख दी गई। सत्र के दौरान बच्चों को अपनी जड़ों से जुड़े रहने की प्रेरणा देते हुए बताया गया कि हम सभी का जन्म किसी न किसी कुल में हुआ है, इसलिए हमें अपने कुलदेवता का निरंतर जाप करना चाहिए, जिससे आत्मिक बल मिलता है। वक्ताओं ने बच्चों को अच्छे विद्यालयों में उच्च शिक्षा ग्रहण करने के साथ-साथ सत्संग से जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया, ताकि वे हर प्रकार के व्यसनों और बुरी आदतों की लत से दूर रह सकें। आधुनिक दौर में बच्चों को दैनिक व्यावहारिक ज्ञान देते हुए सुबह उठकर बड़ों को प्रणाम करने की सही विधि सिखाई गई। साथ ही, विद्या अध्ययन के दौरान शरीर और मस्तिष्क को ऊर्जावान बनाए रखने के लिए सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया गया और मस्तक पर तिलक लगाने की विधि व उसके महत्व को समझाया गया। कार्यक्रम को रोचक बनाने के लिए बच्चों में उत्साह और आपसी प्रेम जगाने के उद्देश्य से सामूहिक गीत गाए गए और कई हल्के-फुल्के मनोरंजक खेल खिलाए गए, जिसमें बच्चों ने पूरी ऊर्जा के साथ सहभागिता की।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।